समीर कुमार सिन्हा, भा.प्र.से.
Samir Kumar Sinha, IAS
सचिव
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
नागर विमानन् मंत्रालय
Government of India
Ministry of Civil Aviation

# अपील

हमारे देश में हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली और समझी जाती है। इसे ध्यान में रखकर संविधान निर्माताओं ने दिनांक 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी के लिए राजभाषा का दर्जा दिया।

हर वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाने वाला हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हमें अपने सरकारी काम में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए । हिंदी एक सरल एवं सहज भाषा है। इसलिए अपने दैनिक कामकाज में इसका ज्यादा से ज्यादा व्यवहार करना हम सभी का कर्तव्य है।

14 सितम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर मैं मंत्रालय के सभी कार्मिकों से अपील करता हूं कि हिंदी में काम करें एवं हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने में गौरव का अनुभव करें।

इस अवसर पर मैं यह भी कहना चाहूंगा कि नागर विमानन मंत्रालय तथा इसके सभी संबद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों / उपक्रमों और संस्थानों आदि के सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने कामकाज में हिंदी का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें जिससे उनके अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी भी इसके लिये प्रेरित और उत्साहित हों।

'हिंदी-दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

समीर कुमार सिन्हा

(समीर कुमार सिन्हा)

B-BLOCK, RAJIV GANDHI BHAWAN, SAFDARJUNG AIRPORT, NEW DELHI-110003
TEL. : 011- 24610368, FAX : 91-11-24644223, E-mail : secy.moca@nic.in